Roll No. .......................

# DPHCN–06

## Public Health

(जन स्वास्थ्य)

Diploma in Public Health and Community Nutrition (DPHCN–10/16)

Second Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 35**

नोट : यह प्रश्न पत्र पैंतीस (35) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े सात ($7\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. सार्वजनिक स्वास्थ्य को परिभाषित कीजिए तथा भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य के महत्व को विस्तारपूर्वक समझाइए।
2. रक्ताल्पता तथा फ्लोरोसिस के कारक व रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दीजिए।

3. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की दृष्टि से पोषण शिक्षा, कुपोषण प्रबंधन तथा खाद्य प्रसंस्करण और संरक्षण की उपयोगिता बताइए।

4. पोषण सम्बन्धी सांस्कृतिक कारक किस प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं ?

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए ढाई ($2\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य की स्थिति पर प्रकाश डालिए।
2. फाइलेरिया रोग पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
3. राष्ट्रीय गण्डमाला नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी दीजिए।
4. रक्ताल्पता की रोकथाम सम्बन्धी उपायों का उल्लेख कीजिए।
5. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु पर्याप्त खाद्य उपलब्धता पर विशेष बल दिया जाता है। इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।
6. खाद्य एवं पोषण सुरक्षा की प्राप्ति हेतु अनुसंधानों का महत्व बताइए।
7. सामुदायिक स्वास्थ्य व पोषण की दृष्टि से परिवार नियोजन की उपयोगिता बताइए।
8. सामुदायिक पोषण अस्वच्छता तथा अज्ञानता से किस प्रकार प्रभावित होता है ?

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. मादा एनीफिलीज (Anopheles) मच्छर के काटने से यह रोग हो जाता है :

   (अ) फाइलेरिया

   (ब) तपेदिक

   (स) एड्स

   (द) मलेरिया

2. गर्भावस्था के दौरान माँ से शिशु में इस रोग का संचरण हो सकता है :

   (अ) पोलियो

   (ब) एड्स

   (स) मलेरिया

   (द) मधुमेह

3. .................... एक अवसादक तथा निश्चेतक है।

   (अ) शराब

   (ब) वसा

   (स) फ्लोराइड

   (द) कॉलेस्ट्रम

4. टाइप 'बी' व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सामान्यतः इस स्वभाव के देखे जाते हैं :

   (अ) अधीर

   (ब) प्रसन्नचित्त

   (स) क्रोधी

   (द) आक्रामक

5. यह मोटापे का एक प्रमुख कारक है :

   (अ) अत्यधिक श्रम

   (ब) अत्यधिक चिंतन

   (स) अल्पश्रमिक जीवनशैली

   (द) अल्पपोषण

सत्य/असत्य लिखिये :

6. स्वास्थ्य नीतियों तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा के निर्माण में केन्द्र सरकार महत्वपूर्ण कारक है।
7. कुष्ठ रोग एक असंक्रामक रोग है।
8. संक्रमित रोगी के छींकने, खाँसने या थूकने से टीबी के जीवाणु हवा में फैलते हैं।
9. अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत निर्धन, विकलांग एवं बूढ़े लोगों को कम दाम पर खाद्य उपलब्ध करवाया जाता है।
10. क्वाशिओरकर रोग 2-3 वर्ष के बच्चों में पाया जाता है।